पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

दो दिवसीय CGCOST राष्ट्रीय संगोष्ठी
(29- 30 मार्च 2018)

पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा बिलासपुर विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा विश्वविद्यालय में दिनांक 29-30 मार्च 2018 को ***"जल संरक्षण: समय की मांग"*** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. गौरी दत्त शर्मा, कुलपति बिलासपुर विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, डॉ. अंजिला गुप्ता, कुलपति, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा सह-संरक्षक कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. बी. एन. तिवारी, कुलसचिव गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. इंदु अनंत, कुलसचिव बिलासपुर तथा बिलासपुर विश्वविद्यालय तथा संयोजक डॉ. अनिता सिंह, श्री रेशम लाल प्रधान, सहायक प्राध्यापक पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ता, प्राध्यापक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों सहित कुल 500 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने जल संरक्षण: समय की मांग के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ ही संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया एवं संगोष्ठी में जल संरक्षण विषय से संबंधित मॉडल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा वर्किंग मॉडल के द्वारा जल के महत्त्व को प्रदर्शित किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण संबंधी मॉडल भी प्रदर्शनी में रखे गए। संगोष्ठी में नमामि अरपा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें अरपा नदी को स्वच्छ रखने हेतु प्रतिभागियों द्वारा दीप जलाकर संकल्प लिया गया।

संयोजक